हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–234 : जौनपुर, शुक्रवार 24 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## शादियों में 200 से ज्यादा लोगों को इजाजत नहीं : नए दिशानिर्देश जारी

लखनऊ ब्यूरो : ओमिक्रॉन की दहशत के बीच यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश में शनिवार से नाइट कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। 25 दिसंबर से रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक रात का कर्फ्यू लगाया जाएगा। इसके साथ ही शादियों में 200 से ज्यादा लोगों को इजाजत नहीं होगी। बीते 24 घंटों में हुई 01 लाख 91 हजार 428 सैम्पल की जांच। उच्चस्तरीय टीम–09 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देश दिए हैं। कोविड से बचाव के लिए ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति के सही क्रियान्वयन से प्रदेश में स्थिति नियंत्रित है। बीते 24 घंटों में हुई 01 लाख 91 हजार 428 सैम्पल की जांच में कुल 49 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 12 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। 37 जिलों में एक भी कोविड मरीज नहीं। आज प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 266 है, जबकि 16 लाख 87 हजार 657 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। आज 37 जिलों में एक भी कोविड मरीज शेष नहीं है। देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे में कुछ कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।मास्क नहीं तो सामान नहीं' सीएम योगी ने उच्चस्तरीय टीम–09 को निर्देश दिए हैं कि वो बाजारों में 'मास्क नहीं तो सामान नहीं' के संदेश के साथ व्यापारियों को जागरूक करें। बिना मास्क कोई भी दुकानदार ग्राहक को सामान न दे। इसके साथ ही सड़कों और बाजारों में हर किसी के लिए मास्क अनिवार्य किया जाए। पुलिस बल लगातार गश्त करे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को और प्रभावी बनाया जाए। उत्तर प्रदेश की सीमा में आने वाले हर एक व्यक्ति की ट्रेसिंग–टेस्टिंग। सीएम ने कहा कि देश के किसी भी राज्य से अथवा विदेश से उत्तर प्रदेश की सीमा में आने वाले हर एक व्यक्ति की ट्रेसिंग–टेस्टिंग की जाए। बस, रेलवे और एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। निगरानी समितियों ने कोरोना प्रबंधन में सराहनीय कार्य किया है। तीसरी लहर के दृष्टिगत गांवों और



शहरी वार्डों में निगरानी समितियों को पुनः सक्रिए करें। बाहर से आने वाले हर एक व्यक्ति की टेस्टिंग कराएं। उनके स्वास्थ्य पर सतत नजर रखी जाए। आवश्यकतानुसार लोगों को क्वारन्टीन किया जाए, अस्पतालों में भर्ती कराया जाए। पूर्व में व्यवस्थित तैयारियां का किया जाए पुनर्परीक्षण। कोविड की तीसरी लहर की आशंका के दृष्टिगत हमने पूर्व में व्यवस्थित तैयारियां की हैं। जिनका पुनर्परीक्षण कर लिया जाए। प्रदेश के सभी शासकीय/निजी चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं की बारीकी से परख कर ली जाए। औद्योगिक इकाइयों में कोविड हेल्प डेस्क और डे केयर सेंटर फिर एक्टिव करें। उत्तर प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण देश में प्रथम स्थान पर। 19 करोड़ 14 लाख 94 हजार से अधिक कोविड टीकाकरण और 09 करोड़ 14 लाख से अधिक टेस्टिंग करके उत्तर प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण देश में प्रथम स्थान पर है। यहां 06 करोड़ 73 लाख 17 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है। 12 करोड़ 41 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। इस प्रकार टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी में से 84.23 फीसदी को पहली और 45.66 फीसदी लोगों को दोनों डोज मिल चुकी है। वैक्सीनेशन को और तेज करने की जरूरत है। इस संबंध में सभी जरूरी प्रयास किए जाएं।

## पेंशनर्स सरकार की चुनौती स्वीकार कर 28 दिसम्बर को प्रदर्शन के लिए तैयार

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला कार्यकारिणी की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सी0बी0 सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालय पर 28 दिसंबर 2021 को होने वाला धरनाध प्रदर्शन कार्यक्रम जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित सदर तहसील में चिन्हित प्रदर्शन स्थल पर पूर्वान्ह 11.30 बजे से आयोजित है। संगठन द्वारा घोषित प्रदर्शन धरना 23 सूत्री मांगों में मुख्य ''कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने और जब तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा पूरी तरह से लागू नहीं हो जाती तब तक चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयो का भुगतान 1 माह के अंदर सुनिश्चित करने, पेंशनर के राशिकरण के मूलधन की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष में बंद करने, पुरानी पेंशन बहाल करने कोविड–19 के नाम पर माह जनवरी 2020 से जून 2021 तक रोके गए 18 माह के महंगाई राहत का भुगतान करने, पेंशनर्स सलाहकार समिति की बैठक



तत्काल बुलाने और उनका पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णय को लागू करने आदि मांगे प्रमुख हैं। जिला अध्यक्ष सी0बी0 सिंह एवं जिलामंत्री राजबली यादव ने समस्त पेंशनर साथियों से अपील किया है कि मौजूद समय और सरकार की चुनौती स्वीकार करके भारी संख्या में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में इंजीनियर आर0पी0 पांडेय, के0के0 त्रिपाठी, हीरालाल आजाद, के आर सोनकर, रमेश, लालचंद मौर्य, नंदलाल सरोज, नरेंद्र त्रिपाठी, रामआसरे प्रजापति, कृपा शंकर उपाध्याय, डीके मिश्रा, कंचन सिंह, अशोक मौर्य, ओंकार मिश्र, मंजू रानी राय, श्याम बिहारी सिंह आदि ने विचार व्यक्त किया।

## गरीब विद्यार्थियों को वितरित किए ड्रेस जर्सी और जूते

आगरा डीकेयू ब्यूरो : श्री यमुना इण्टर कॉलिज बागपत में 35 गरीब विद्यार्थियों को ड्रेस, जर्सी और जूते वितरित किए गए। कॉलिज के शिक्षकों ने बताया कि बागपत स्थित श्री यमुना इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य और अंग्रेजी के प्रवक्ता जयपाल शर्मा और उनकी पत्नी शिक्षिका सुषमा गौड द्वारा अनेकों वर्षो से स्वयं के खर्चे पर कॉलिज के गरीब विद्यार्थियों को ड्रेस, जर्सी और जूते वितरित किए जाते है। बताया कि जिस समय जयपाल शर्मा कॉलिज में कार्यरत थे, उस समय 4 से 5 बच्चों की फीस हर वर्ष अपनी जेब से दिया करते थे और ऐसे बच्चों के लिए पठन–पाठन सामग्री की निशुल्क व्यवस्था कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे। कॉलिज के शिक्षक अशोक बंधु द्वारा बताया गया कि जयपाल शर्मा और सुषमा गौड़ द्वारा हमेशा से ही धार्मिक, सामाजिक क्षेत्रों में सामर्थ्य के अनुसार अनेकों कार्य किये जाते है। इस बारे में जब जयपाल शर्मा जी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि श्री यमुना इण्टर कॉलिज



बागपत में उन्होंने वर्षों सेवा की है और यह कॉलिज उनके परिवार का हिस्सा है। वह जो कुछ कर रहे है, वह अपनो को सशक्त बनाने के लिए कर रहे है। वह उन पर कोई अहसान नही कर रहे है बल्कि परिवार का सदस्य होने के नाते अपने कर्त्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। उन्होंने अपनी पत्नी सुषमा गौड़ द्वारा उनके हर नेक कार्य में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने के लिए उनकी प्रशंसा की। शिक्षिका सुषमा गौड़ ने बताया कि गरीब सिर्फ मानसिकता होती है, व्यक्ति नही। जो मानसिकता से अमीर है वह कभी गरीब नही हो सकते, चाहे वह किसी भी परिस्थितियों में रह रहे हो। कहा कि कॉलिज के अनेकों विद्यार्थियों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से परमेश्वर ने उनको जो कुछ दिया है, उसमें से वह सामर्थ्य के अनुसार कॉलिज के विद्यार्थियों को देने का प्रयास कर रहे है। कहा कि परिवार में कोई किसी पर अहसान नही करता।

## तेज तर्रार व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आईपीएस अधिकारी डा. राजीव नारायण मिश्रा एक बार फिर बने प्रभारी एसपी माघ मेला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों में अपनी पहचान रखने वाले व वर्ष 2002 से वर्ष 2006 तक राम नगरी अयोध्या में सीओ सिटी के पद पर तैनात रहते हुये उन्होने जनता व पुलिस प्रशासन में अपनी अलग ही छाप छोड़ी है।उस समय उन्होने लोगों के मन से जहां एक ओर बावरिया गिरोह का खौफ लोगों के दिल से निकाला वहीं इसी कड़ी में 5 जुलाई 2005 को अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में आतंकी हमले को नेस्तनाबूत कर इसमें शामिल सभी आतंकवादियों को सीआरपीएफ कर्मियो के सहयोग से मार गिराया।जिसके चलते उन्हें इस वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों में अपनी पहचान रखने वाले डॉक्टर राजीव नारायण मिश्रा सीओ सिटी अयोध्या होने के बाद यहां से 4 साल की पारी खेलने के पश्चात इनका स्थानांतरण बरेली जनपद के लिए हो गया उसके पश्चात वे वहां से लखनऊ गौतमबुद्व नगर कुशीनगर में एसपी,एसटीएफ में एसएसपी और वर्तमान समय में वाराणसी में 34 वाहिनी पीएससी में कमांडेंट के पद पर तैनात हैं।इनकी काबिलियत को देखते हुए एक बार फिर उत्तर प्रदेश शासन ने उनको प्रयागराज में होने वाले माघ मेला 2022 की प्रभारी एसपी की अतिरिक्त कमान सौंपी है।मालूम हो कि इससे पहले वर्ष 2021 में भी उत्तर प्रदेश शासन ने माघ मेले का कमान इनको सौंपा था और वह शासन के मंसूबों पर भी खरे उतरे।जिसके चलते उनकी काबिलियत को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने इस बार भी उनको मेला प्रभारी एसपी के रूप में नियुक्त किया है।मालूम हो कि डा. राजीव नारायण मिश्र को प्रयागराज में होने वाले इस बार भी माघ मेला 2021–22 को संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई है।मालूम हो कि आईपीएस अधिकारी डा. राजीव नारायण मिश्र, इस समय 34वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी के कमांडर के पद पर तैनात हैं।उत्तर प्रदेश शासन ने उनकी काबिलयत को देखते हुये इस बार भी उनको एक बार फिर माघ मेला 2021–22 का अतिरिक्त प्रभार सौपा है।बताते चलें कि बीते वर्ष 2020–21 में भी माघ मेले का आयोजन डा. राजीव नारायण मिश्र की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था करवाया गया था।उस समय उन्होने अपने कुशल अनुभव के चलते वैश्विक महामारी कोरोना को देखते हुए इस मेले को सकुशल संपन्न कराया।जो अपने में किसी चुनौती से कम नहीं था।पूरे मेला अवधि में, विशेष कर प्रमुख स्नान पर्वो में वैश्विक महामारी कोविड–19 का संक्रमण न फैले,उन्होने अपने कुशल क्षमता व अनुभव से यह ध्यान रखते हुए समस्त प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए माघ मेला संपन्न कराया।जिसमें समस्त हजारो कल्पवासियों,लाखों स्नानार्थियों और श्रद्धालुओं का सुगम आवागमन, सुरक्षित स्नान एवं प्रवास सुनिश्चित किया गया था।मालूम हो उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्य के चलते आईपीएस डॉ. राजीव नारायण मिश्र को अयोध्या में वर्ष 2005 में हुए आतंकवादी हमले में आतंकवादियो को ढेर करने में सराहनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति के वीरता पुरस्कार दिया



जा चुका है।इसके अतिरिक्त उन्हें सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक व अन्य बहुत से पुरस्कार मिल चुके हैं।34वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी के सेनानायक के पद पर नियुक्त डा. राजीव नारायण मिश्र पूर्व में एसएसपी, एसटीएफ, लखनऊ व कुशीनगर के कप्तान रह चुके हैं।एक खास मुलाकात में प्रभारी माघ मेला आईपीएस अधिकारी डाक्टर राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि पिछले साल की तरह इस वर्ष भी माघ मेला सभी कर्मियो व मेलार्थियो को कोविड–19 नियम का पालन करना होगा।बिना कोरोना जाँच रिपोर्ट के मेला क्षेत्र में आना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।उन्होने बताया कि जो मेलार्थी किसी कारण वश अपना कोविड जाँच नही करा पाते है तो वही पर उनकी कोरोना जाँच हो जायेगी।वही शासन द्वारा तय किये गये कोविड –19 नियम का पालन सभी लोगों को करना होगा।वही उन्होने सुरक्षा की व्यवस्था पर बताया कि माघ मेला की सुरक्षा को ऐसा चक्रव्यूह तैयार होगा, जिसे भेदना संभव नहीं असंभव होगा।सुरक्षा की दृष्टि से माघ मेला को पांच सेक्टर में बांटा गया है। यहां 13 थाने और 38 चौकियां बनाईं जाएंगी।इस बार भी 30 इंस्पेक्टर के साथ ही चार सौ दारोगाओं की तैनाती यहाँ होगी।उन्होने बताया कि इस बार भी सभी स्नान घाटों पर पुलिस के साथ आरएएफ भी तैनात रहेगी।जहाँ पर चार फलड कंपनी और 30 गोताखोर भी घाटों पर तैनात रहेगे।वही माघ मेला 2022 शुरू होने में ज्यादा समय नही है, जिसको लेकर पुलिस विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चुनावी मौसम में होने वाले माघ मेला को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।इस बार माघ मेला में दाखिल होने के लिए 16 मुख्य द्वारों के साथ ही स्नान घाटों पर भी पुलिस का सख्त पहरा रहेगा।उनके मुताबिक सुरक्षा की दृष्टि से इसके लिए पांच हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।641 हेक्टेयर क्षेत्र में संगम की रेती पर बसने वाले प्रयागराज माघ मेले में कुछ चुनौतियां भी है जिसके चलते 5 हजार पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे।इस बार माघ मेला क्षेत्र को 05 सेक्टर में बांटा गया।उनके मुताबिक मेला क्षेत्र में 13 थाना और 38 पुलिस चौकियां बनेंगी जिसमे 30 इंस्पेक्टर,400 दारोगाओं की तैनाती रहेगी।वही 13 फायर स्टेशन बनाए जाएंगे।माघ मेला क्षेत्र में13 फायर स्ध्टेशन बनेंगे।माघ मेला को पांच सेक्टर में बांटा गया है।वही यातायात को सुचारु रुप से करने के लिये बड़ी संख्या में यातायात पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया जाएगा, ताकि माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई दिक्कत न हो।वही आग की घटनाओं से निपटने के लिए 13 फायर स्टेशन बनेंगे,जबकि 13 वाच टावर भी बनाए जाएंगे। स्नान घाटों पर पुलिस के जवानों के साथ ही आरएएफ भी तैनात रहेगी। चार फलड कंपनी और 30 गोताखोर भी घाटों पर तैनात रहेंगे।31 दिसंबर तक तीन चरणों में मेला में तैनात होने वाले पुलिसकर्मी आ जाएंगे।उन्होने बताया कि इन सभी को साफ्ट स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी।इस दौरान पुलिस कर्मियो को यह भी प्रशिक्षण दिया जायेगा कि इस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ कैसे विनम्र तरीके से बातचीत करना है।इसके अलावा एलआइयू की टीम, एटीएस, एसटीएफ, बम निरोधक दस्ता की भी टीम मौजूद रहेगी।पुलिस के कमांडो भी लगाए जाएंगे।उन्होने बताया कि पिछले बार की तरह इस माघ मेला की भी सुरक्षा को लेकर ऐसा चक्रव्यूह तैयार किया जाएगा, जिसे भेदना किसी के वश की बात नहीं होगी।माघ मेले में कोरोना को लेकर सतर्कता,आरटी पीसीआर जांच के बाद ही लगेगी।पुलिसवालों की ड्यूटी पर एसपी माघ मेला राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि 15 दिसंबर से पुलिस फोर्स आनी शुरू हो गई है।माघ मेला की सुरक्षा को लेकर लगभग पूरी तैयारी हो चुकी है।15 दिसंबर से पुलिस फोर्स भी आने लगी है। इस बार मुख्य द्वार पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।वही सीसीटीवी के माध्यम से भी संदिग्धों पर नजर रखी जाएगी।कंट्रोल रूम में तैनात पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## योगी सरकार का 15 लाख से ज्यादा पेंशनर्स को महंगाई राहत का एलान : 3% का इजाफा

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : योगी सरकार के 15 लाख से ज्यादा पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स को महंगाई राहत देने का आदेश हो गया है. विशेष सचिव वित्त नील रतन कुमार द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि इस राहत में 3% की वृद्धि की गई है. इससे पेंशन पर अनुमन्य महंगाई राहत की दर 28% से बढ़कर 1 जुलाई, 2021 से 31% हो जाएगी। यह आदेश शिक्षा व प्राविधिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के ऐसे पेंशनर्स पर भी लागू होंगे जिन्हें सरकारी पेंशनर्स के समान पेंशन व पारिवारिक पेंशन अनुमन्य है. यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों तथा सार्वजनिक उपक्रम आदि के सेवकों पर लागू नहीं होगा. इनके संबंध में संबंधित विभागों द्वारा अलग से आदेश जारी किया जाएगा. अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स के संबंध में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## आपराधिक गतिविधियों में लिप्त वकीलों पर हाईकोर्ट सख्त: पूछा– कितनों के खिलाफ कार्यवाही की गई?

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त वकीलों पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए उत्तर प्रदेश बार काउंसिल से पूछा है कि पिछले पांच साल में कितने वकीलों के खिलाफ कार्रवाई की गई. ऐसे वकील किन जिलों के हैं. न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति शमीम अहमद की खंडपीठ ने यह आदेश पीयूष श्रीवास्तव की याचिका पर दिया. याची ने लखनऊ की जिला अदालत परिसर में कुछ वकीलों की आपराधिक गतिविधियों का जिक्र कर पुलिस के लचर रुख का मुद्दा उठाया था। पहले, कोर्ट ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया था कि वह स्थानीय वकीलों के खिलाफ दर्ज केसों का ब्योरा, उनकी तफ्तीश व ट्रायल की स्थिति के साथ निजी हलफनामे में पेश करें. कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को यह छूट भी दी कि वह उन केसों को दोबारा देखें जिनमें फाइनल रिपोर्ट लग गई है. अगर यह पाया जाए कि उनकी तफ्तीश में कमी रह गई हो या फिर आरोपियों के डर से सभी गवाह सामने न आए हों, तो उनमें अग्रिम विवेचना का आदेश दें।

## अभियान चला कर हटाया गया अतिक्रमण : पैदल किया गया फ्लैगमार्च

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खजनी थाना के क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में इस्पेक्टर खजनी मनोज पांडे मय फोर्स उनवल चौकी से टेकवार चौराहा होते हुए उनवल कस्बा से होते हुए फ्लैगमार्च आमी पुल पर समाप्त किया गया । पैदल फ्लैग मार्च के दौरान



अतिक्रमण करने वाले लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया गया और क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह ने चेतावनी देते हुए लोगो को निर्देशित करते हुए कहा कि इसके बाद अगर दुबारा अतिक्रमण हुवा तो खैर नही सभी लोग रास्ते को खाली करें अगर दुबारा अतिक्रमण मिला तो अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही होगी। उक्त अवसर पर उप निरीक्षक जय प्रकाश त्रिपाठी, अरविंद राय, कांस्टेबल गौतम,नन्दन कुमार शर्मा, राजेश्वर यादव इबरार अहमद, रविंद्र यादव अशोक चौधरी रामाकांत यादव जावेद अहमद रविंद्र वर्मा सहित अन्य फोर्स रही मौजूद रही।

## मोतीझील का किया निरीक्षण

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ऐशबाग पुल से मालवीय नगर चौराहे की तरफ सड़क,ऐशबाग रोड झील के किनारे से करेहटा काली जी मंदिर तक सड़क निर्माण की प्रस्तावित योजना व मोतीझील का निरीक्षण करने पहुंचे भारत के रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के ओएसडी के.



पी. सिंह , सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी व रक्षा मंत्री के ऑफिस प्रभारी एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ राघवेंद्र शुक्ला के साथ झील बचाओ अभियान के संयोजक अभय, गौरव वाजपेयी, गनेश कनौजिया मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि पूर्व में कमिश्नर रंजन कुमार ने मोती झील का निरीक्षण किया था अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए थे। एलडीए , नगर निगम की टीम ने पैमाइश कर शीघ्र विकास कार्य प्रारंभ करने की शुरुआत कर दी है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

शिक्षा से पहले संस्कार, व्यापार से पहले व्यवहार और भगवान से पहले माता–पिता को पहचानना जीवन की अधिकतर कठिनाइयों को हल कर देता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश पर अमेरिकी प्रतिबंध का मतलब

बांग्लादेश अपनी आजादी की स्वर्ण जयंती मना रहा है। विगत 16 दिसंबर को बांग्लादेश की आजादी के अवसर पर ढाका को बधाई देने वाले अकेले विदेशी मेहमान हमारे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे, जबकि विगत मार्च में स्वर्ण जयंती के सरकारी आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि थे। इस तरह देखें, तो दक्षिण एशिया में बांग्लादेश का सबसे विश्वसनीय सहयोगी भारत ही है। पर इसी महीने की शुरुआत में वाशिंगटन ने बांग्लादेश के सात शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों पर मानवाधिकार हनन मामले में प्रतिबंध लगाया है।

प्रतिबंधित अधिकारियों की सूची में पहला नाम बांग्लादेश के मौजूदा पुलिस प्रमुख और रैपिड ऐक्शन बटालियन (रैब) के पूर्व महानिदेशक बेनजीर अहमद का है। इस सूची में रैब के मौजूदा महानिदेशक चौधुरी अब्दुल्ला अल मामुन, एडीजी (ऑपरेशन्स) खान मोहम्मद आजाद, पूर्व एडीजी (ऑपरेशन्स) तोफाएल मुस्तफा सरवर, मोहम्मद जहांगीर आलम और मोहम्मद अहमद लतीफ खान हैं। बेनजीर अहमद और रैब के एक पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मिफ्ताह उद्दीन अहमद के अमेरिका जाने पर भी रोक लगाई गई है।

पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल अजीज अहमद का अमेरिका का वीजा भी रद्द कर दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का इस संबंध में कहना है, 'हम मानवाधिकार को अपनी विदेश नीति के केंद्र में रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपनी इस प्रतिबद्धता का सबूत जहां हम जरूरी कदम उठाकर देते हैं, वहीं अपने अधिकारियों को मानवाधिकार से जुड़े मामलों पर नजर रखने और पारदर्शिता बरतने के लिए भी कहते हैं।'

बांग्लादेश ने इस अमेरिकी कदम पर नाराजगी जताई है। जिन सेनाधिकारियों पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाया है, उनमें से एक केएम आजाद ने, जो रैब के उप–प्रमुख हैं, कहा कि 'अगर एक अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करना मानवाधिकार का उल्लंघन है, तो अपने देश के हित में मानवाधिकार उल्लंघन करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है।' गृहमंत्री असदुज्जमान खान और सत्तारूढ़ अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर ने अमेरिकी प्रतिबंध को 'अनुचित' बताया।

पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने लोकतंत्र पर वर्चुअल बैठक बुलाई थी, जिसमें बांग्लादेश आमंत्रित नहीं था। शेख हसीना सरकार तभी से अमेरिका से नाराज है। हालांकि उस बैठक में रूस, तुर्की और चीन भी आमंत्रित नहीं थे, पर पाकिस्तान और फिलीपींस आमंत्रित थे। अमेरिका ने 110 देशों में से जिन 30 देशों को आमंत्रित किया था, उन्हें भी एक गैरलाभकारी अमेरिकी खुफिया संस्था ने 'आंशिक रूप से स्वतंत्र' बताया। उसने अंगोला, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और इराक के बारे में कहा कि ये स्वतंत्र नहीं हैं।

स्वीडन स्थित वी–डेम नाम की संस्था के मुताबिक, अमेरिका ने जिन देशों को उस बैठक में बुलाया था, उनमें से एक दर्जन से अधिक देशों में 'चुनी हुई तानाशाही' है। इन देशों में फिलीपींस भी है, जिसके राष्ट्रपति बगैर न्यायिक अनुमोदन के की गई हत्याओं को जायज ठहरा चुके हैं। ढाका ने उसे बैठक में न बुलाए जाने, जबकि इस्लामाबाद को आमंत्रित करने को अपमानजनक बताया, हालांकि चीन के दबाव पर पाकिस्तान ने भी उस बैठक में हिस्सेदारी नहीं की।

आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर बांग्लादेश की उपलब्धियों को पूरी दुनिया सराह चुकी है। जबकि पाकिस्तान को एक विफल राष्ट्र की संज्ञा दी गई है, जिसने आतंकवाद के प्रसार को अपनी राष्ट्रीय नीति बना ली है और जो नस्लीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों पर जुल्म ढाता है और एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में है। हकीकत यह है कि अमेरिका ने शीतयुद्ध के दौर में और उसके बाद भी अपने रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अनेक तानाशाहियों को आगे बढ़ाया है।

दक्षिण कोरिया, दक्षिण वियतनाम, फिलीपींस, इंडोनेशिया, पाकिस्तान–ऐसे देशों की सूची लंबी है। कम्युनिज्म के खिलाफ लड़ाई में अमेरिकी खुफिया विभाग ने निकारागुआ से चिली तक क्रूर और खून के प्यासे तानाशाहों का समर्थन किया है। इसलिए बांग्लादेश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों पर लगाए गए मौजूदा अमेरिकी प्रतिबंध का बांग्लादेश में लोकतंत्र के संरक्षण से कोई लेना–देना नहीं है।

शेख हसीना के नजदीकी लोगों को, जो 1975 के खूनी तख्तापलट के पीछे सीआईए का हाथ मानते हैं और जिसमें हसीना के परिजनों में से ज्यादा की हत्या कर दी गई थी, आशंका है कि अमेरिकी प्रतिबंध से ढाका की सड़कों पर खून–खराबे का नया दौर शुरू हो सकता है। वहां के कट्टरवादी संगठन पिछले दो साल से हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें से आखिरी प्रदर्शन नरेंद्र मोदी के बांग्लादेश दौरे पर हुआ था।

कुछ अमेरिकी संगठन वहां 'मीडिया की आजादी' को आगे बढ़ाने के लिए फंडिंग कर रहे हैं, जबकि ढाका का मानना है कि यह अभियान बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की मंशा से चलाया जा रहा है। बांग्लादेश में चुनाव होने में अभी दो साल हैं, लिहाजा ये घटनाक्रम सत्तारूढ़ अवामी लीग के लिए चिंताजनक है। अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना की जल्द वापसी और काबुल में भारत–समर्थक अशरफ गनी सरकार के हटने से भारत को पहले ही करारा झटका लग चुका है। अपने पूर्वी पड़ोस में भारत ऐसा झटका बर्दाश्त नहीं कर सकता।

म्यांमार पहले से ही चीन के पाले में है। नेपाल में चीनी दखल लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका स्थित दक्षिण एशियाई विशेषज्ञ माइकल कग्लमैन ने हाल ही में लिखा है कि 'हसीना सरकार पर अगर अमेरिका का दबाव बढ़ा, तो वह चीन के पाले में जा सकती है।' ऐसा हुआ, तो यह भारत के लिए खतरनाक होगा, क्योंकि भारत पूर्वोत्तर में अपनी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश पर निर्भर है। सवाल यह है कि क्या भारत अपने सबसे विश्वसनीय पड़ोसी की रक्षा के लिए अमेरिका के सामने यह मुद्दा उठाएगा, क्योंकि दोनों रणनीतिक साझेदार हैं और क्वाड के सदस्य हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# अटल जी के जयंती की पूर्व संध्या पर विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्म जयन्ती की पूर्व संध्या पर बांसगांव के कैथवलिया में विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार पाण्डेय (एडवोकेट) प्रबन्धक यस.के.जी.इन्टर कॉलेज कैथवलियां बांसगांव, गोरखपुर क्षेत्रीय सह–संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा गोरखपुर क्षेत्र ने बताया कि कार्यक्रम एस.के.जी इण्टरमीडिएट कालेज कैथवलिया के प्रांगण में दिनांक 24दिसम्बर को मध्याह्न 12बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख ऑनरेरी प्रोफेसर सौहार्द शिरोमणि डॉ.सौरभ पाण्डेय मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. राय, राष्ट्रीय कवि एवं प्राचार्य –सर्वोदय किसान पी.जी.कॉलेज कौड़ीराम, विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. विनय श्रीवास्तव होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साहित्य भूषण सम्मान से विभूषित नरसिंह बहादुर चन्द अपने आशीर्वचन से उपस्थित लोगों को अभिसिंचित करेंगे।कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का संचालन राष्ट्रीय शायर एवम धरा अम्बेस्डर ई.मिन्नत गोरखपुरी करेंगे। उक्त अवसर पर ख्यातिलब्ध कवि डॉ. एहसान अहमद, डॉ.अमिताभ पाण्डेय,अनिता पाल सिंह,एकता गोरखपुरी,प्रतिभा गुप्ता,सत्य प्रकाश सिंह,दिव्या मालवीय,शुभी मिश्रा एवम कौशल कुमार नादान काव्य पाठ कर के अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# फर्जी आईडी कार्ड पर बुक करा कर लूटी गई इनोवा क्रेटा सहित दो अभियुक्तों को गीडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : फर्जी आईडी देकर ट्रैवेल एजेंसी से वाहन बुकिंग करा कर वाहन को सुनसान जगह पर मौका पाकर ड्राइवर को डरा धमका कर वाहन लूट लेने वाले गिरोह के सदस्यों को गीडा पुलिस ने लूटी गयीं इनोवा क्रेटा घटना में प्रयुक्त वाहन XUV500 के साथ गौरव शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला निवासी बूडा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर हाल मुकाम ब्लॉक नंबर 7डी मकान नंबर 46 वृंदावन योजना तेलाबाग थाना पीजीआई लखनऊ व मोनू शुक्ला पुत्र शिवाकांत शुक्ला निवासी बुड़ा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को इनोवा क्रेटा घटना में प्रयुक्त XUV500 व 6 एटीएम 3 आधार कार्ड 2500 नगद एक अदद 12 बोर दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताला पुलिस लाइन व्हाइट हाउस में प्रेस वार्ता कर उपरोक्त घटना की जानकारी देते हुए घटना का खुलासा करने वाली टीम को 10000 नगद इनाम की घोषणा करते हुए बताया कि थाना स्थानीय धारा –406 बढ़ोत्तरी धारा पर पंजीकृत मु0 अ0 सं0–247 / 2021 395,397 412 419 420 467 468 471 483 120 बी भादवि से सम्बन्धित दो नफर अभियुक्त मय घटना में प्रयुक्त वाहन XUV 500 व लूटी गयी गाड़ी इनोवा क्रेटा के साथ गिरफ्तार किए थाना स्थानीय पर शिकायतकर्ता वादी तसउवर अली पुत्री मनउअर अली निवासी ताड़ीखान चौकी अनील सीमेन्ट के सामने जंगल तुलसीराम बिछिया शाहपुर गोरखपुर द्वारा थाना गीडा पर लिखित सूचना दी गयी थी उसकी क्रेटा गाड़ी नम्बर– UP75 AA9291 दिनांक 18.07.2021 को रूही ट्रेवल्स राप्तीनगर से जनपद गोरखपुर से जनपद वाराणसी के लिए बुक हुई है तथा ड्राइवर टीपू सुल्तान पुत्र सोबराती अली निवासी खरैया पोखरा बशारतपुर को मेरे द्वारा देकर बुकिंग पर भेजा गया जो अगले दिन दिनांक 19.07.2021 को बिना गाड़ी के वापस आ गया । इस सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर ड्राइवर टीपू सुल्तान उपरोक्त के विरुद्ध थाना गीडा पर ड्राइवर व मालिक के बीच हुए टेलीफोनिक वार्ता के लास्ट लोकेशन के आधार पर घटनास्थल मानते हुए पंजीकृत किया गया व विवेचना उ0 नि0 विवेक रंजन को सुपुर्द की गयी । प्रगति के क्रम में अभियोग की समीक्षा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा करते हुए विवेचना प्रभारी निरीक्षक गीडा को आवंटित हुई विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मिले साक्ष्य के आधार पर ड्राइवर टीपू



सुल्तान उपरोक्त व ट्रेवल्स एजेन्सी मालिक राहुल सिंह से पूछताछ की गयी तो एजेन्सी मालिक द्वारा बुकिंग कराते समय उपलब्ध कराये गये आधार कार्ड , पैन कार्ड व मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराया गया सर्विलांस और आयकर विभाग कार्यालय से समाजस्य स्थापित कर छानबीन की गयी तो आधार कार्ड संजय कुमार पुत्र झगरु निवासी भोरहा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा का प्राप्त हुआ जिस आधार पर संजय कुमार उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि मैंने अपना आधार व पैनकार्ड अपने गांव के सौरभ श्रीवास्तव पुत्र सूरज श्रीवातस्व जो मेरा पडोसी तथा लखनऊ में भी रहता है नौकरी लगाने हेतु उसको दिया हूं । पुनः सौरभ श्रीवास्तव से सम्पर्क किया गया तथा कैफ से प्राप्त फोटो को पहचान कराया गया तो उस फोटो को सौरभ श्रीवास्तव पहचानते हुए गौरव शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला उपरोक्त को बताया तथा आज दिनांक को पुन : अन्य घटना का अंजाम देने के लिए थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट पर मौजूद थे कि सर्विलांस व मुखबीर की मदद से अभियुक्त व उसके साथी मोनू उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त गौरव शुक्ला के पास से 01 अदद तमंचा 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया जो अक्सर घटना करते समय इसके द्वारा प्रयोग में लाया जाता रहा है। गौरव शुक्ला अपने साथियों के साथ मिलकर सिद्धार्थनगर में भी इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया है। जिस सम्बन्ध में सिद्धार्थनगर के मोहान थाने से वांछित है घटना में संलिप्त तीन फरार अभियुक्तों विमल लखनऊ निवासी अनिल व प्रेम सिद्धार्थ नगर निवासी को बहुत ही जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा लूटे गए वाहनों व लूट में प्रयुक्त वाहनों पर विधायक का स्टिकर स्क्रीनिंग कर लगाकर चलते थे जिससे कोई पकड़ ना सके जिसे गीडा पुलिस के प्रयास से दोनों अभियुक्तों गिरफ्तार हो सके गाड़ी मालिक ने गीडा पुलिस को धन्यवाद दिया।

# सड़क बनाई एक लेन और भुगतान कराया दो लेन का : अब निलंबित होंगे अवर अभियंता

गोरखपुर संवाददाता आशुतोष चौधरी : गोरखपुर शहर के राजघाट सुंदरीकरण के दौरान सड़क बनाने में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। मुख्य सड़क से राजघाट तक दो लेन की सड़क बनाई जानी थी, लेकिन नगर निगम के एक अवर अभियंता ने मात्र एक लेन की सड़क बनाई और पूरी राशि का भुगतान करा दिया। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने अवर अभियंता रामकुमार के निलंबन की संस्तुति करने के साथ संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। नगर निगम की ओर से राजघाट तक पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने के लिए करीब 22.58 लाख रुपये की लागत से दो लेन की सीसी सड़क बनाने की स्वीकृति हुई। निर्माण कार्य कराने की जिम्मेदारी मेसर्स रामइकबाल सिंह नामक फर्म को दी गई। लेकिन, फर्म द्वारा दो लेन की सड़क के स्थान पर मात्र एक लेन की सड़क बनाई गई।मामला संज्ञान में आने के बाद नगर आयुक्त ने संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। साथ ही निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाल रहे अवर अभियंता राजकुमार को निलंबित कर दिया है। अवर अभियंता राजकुमार ने कहा कि उच्च अधिकारियों के मौखिक आदेश के अनुसार सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क को 16 मीटर से 22 मीटर तक खाली कराया। उसके बाद एक लेन सड़क बनाई गई है। दोनों तरफ नाला भी बनाया गया है। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने कहा कि राजघाट तक जाने वाली दो लेन की सड़क मात्र एक लेन की ही बनाई गई है। भुगतान भी करा दिया गया है। इसमें पूरी तरह से अवर अभियंता की जिम्मेदारी है। अवर अभियंता के निलंबन की संस्तुति शासन से की गई है।

# क्रिसमस व नए साल के जश्न पर बरती जाए सख्ती : कोविड प्रोटोकॉल के पालन में न बरते लापरवाही–सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : देश में कोविड मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिसमस और नए साल के जश्न पर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क को अनिवार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेस, टेस्ट व ट्रीट की रणनीति से कोविड को नियंत्रित करने में कामयाबी मिली है। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों जैसे मॉल, सिनेमाघर, होटल, कैफे व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अधिक सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के डेल्टा व ओमिकॉन वैरिएंट को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी डीएम को अलर्ट किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिया है कि यूपी की सीमाओं पर सुरक्षा व सतर्कता के दायरे को बढ़ाते हुए प्रदेश में आने वाले हर यात्री की जांच की जाए। टीकाकरण की गति बढ़ाई जाए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम के सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में नई गाइडलाइन के तहत सभी इंतजामों को पुख्ता किए जाएं। लगातार बढ़ रहा टीकाकरण। प्रदेश में टीकाकरण का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। बृहस्पतिवार को 12 लाख 37 हजार लोगों का टीकाकरण



किया गया। अब कुल टीकाकरण 19 करोड़ 13 लाख 58 हजार हो चुका है। इनमें 12 करोड़ 41 लाख 10 हजार को पहली डोज व छह करोड़ 72 लाख 48 हजार को दोनों डोज दी जा चुकी है।

# विद्यालय स्तर पर चल रहे तीन दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पाली के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट –गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय स्काउट/ गाइड प्रवेश सोपान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बतौर मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी खंड विकास अधिकारी शाहाबाद डॉ धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। प्रधानाचार्य डॉ द्विवेदी जी ने मुख्य अतिथि डॉ धर्मेन्द्र कुमार वर्मा को शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन दिन तक बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण दिए गये। डॉ धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि स्काउटिंग समाज निर्माण के लिए एक ऐसा अनुशासित संगठन है जो समाज में फैली कुरीतियों को दूर करके समाज को अनुशासन की कड़ी में बाँधता है साथ ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास भी करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ वेदप्रकाश द्विवेदी ने स्काउट –गाइड प्रशिक्षकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों में नैतिकता के साथ –साथ बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है साथ ही स्काउट व गाइड का प्रशिक्षण बच्चों में अनुशासन लाता है। इसके माध्यम से चारित्रिक,नैतिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास होता है।उन्होंने प्रतिभागी सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 11 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षक विजय कुमार यादव,व खुशनूर बानो ने बच्चों को स्काउट/ गाइड के उद्देश्य, नियम,गीत,प्रतिज्ञा, अनुशासन,सेल्यूट,चिन्ह,स्काउटिंग का इतिहास,सिद्धान्त,प्राथमिक चिकित्सा आदि के संबंध में बताया। स्काउट सहायक अनिल कुमार यादव,व रामाशीष यादव,व संजय कुमार गाइड सहायक प्रीति देवी का भरपूर सहयोग रहा। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रवक्ता विजेता आर्या, किरन वर्मा, विनोद प्रताप वर्मा,दीपक सिंह कपकोटी, विनीत बाबू, शिक्षक अरुण कुमार वर्मा, संजय कुमार रस्तोगी, अनूप कुमार, मोहित यादव,सोनू कुमार,रामेन्द्र बाजपेयी, सुरेश कुमार सक्सेना, आदि शिक्षक/कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसान दिवस पर जिलाधिकारी ने 100 किसानों को किया सम्मानित

गोरखपुर संवाददाता आशुतोष चौधरी : पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को एनेक्सी सभागार में दो महिलाओं सहित 34 जनपद स्तरीय व विकास खंड स्तरीय 66 सहित कुल 100 किसानों को जिलाधिकारी विजय किरन आनंद खजनी विधायक संत प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया ने जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए लगभग साडे पांच लाख किसानों को लाभ दिया जा रहा है सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं को किसान को ऑनलाइन फार्म भरकर इसका लाभ उठाएं प्राकृतिक खेती के जरिये जीरो बजट पर किसान गुणवत्ता युक्त फसल प्राप्त कर सकते हैं बताया गया कि यह बिल्कुल प्राकृतिक पद्धति है इसमें बाहर का कुछ भी नहीं है जिसमें गोबर, गुड़, छाज, बेसन आदि का इस्तेमाल किया जाता है जो किसानों के लिए काफी फायदेमंद है जैविक खेती किसान के लिए बरदान है। किसान क्रेडिट कार्ड के फायदे पर चर्चा करते हुए कहा गया कि किसान इसके माध्यम से सस्ते ब्याज पर सुगमता से लोन ले सकता है। कृषकों को अपने खेत की मिट्टी को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है अंधाधून रसायनिक खादों का प्रयोग खेतों को उसर की तरफ ले जा रही है समय रहते इससे बचा जा सकता है। मिट्टी की जांच कराने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर दी गयी संस्तुति के आधार पर खेती करनी चाहिए। मत्स्य पालन के तहत नीली क्रांति पर तालाब खोदने से लेकर मत्स्य उत्पादन पर चर्चा कर इस पर दिए जाने वाले अनुदान आदि की जानकारी दी गयी। राजकीय गोदामों पर बीज व खाद की कोई कमी नहीं है इसके साथ ही खरपतवार नियंत्रण, टपक विधि से सिंचाई समेत हरित क्रांति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, किसान सम्मान निधि योजना आदि संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी इस दौरान 100



किसानों को सम्मानित किया किसान दिवस के दौरान कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य क्षेत्र में अधिक उत्पादन कर प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने वाले 100 किसानों को अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में 34 जनपदस्तर के व 66 विकासखंड स्तर के किसान शामिल थे। जनपदस्तर पर प्रथम स्थान वाले किसानों को 7000 तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले किसानों को 5000 तथा ब्लाक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले किसानों को 2000 रुपये दिया गया। इससे पूर्व एनेक्सी परिसर में लगाया गए किसान मेले का जिलाधिकारी सहित समस्त अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया प्रमुख रूप से डीएम विजय किरन आनंद उप कृषि निदेशक संजय सिंह विधायक खजनी सन्त प्रसाद जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय यादव सहित किसान मौजूद रहे।

# बनारस में बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड : बाबा विश्वनाथ धाम से विश्व में गूंजेगा शंखनाद

वाराणसी ब्यूरो : काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण पर मास पर्यंत चलने वाले कार्यक्रमों के तहत जनवरी में एक अनूठा आयोजन होने जा रहा है। बाबा के भव्य दरबार में नये साल में 1001 शंखनाद कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। जिसका जिम्मा प्रयागराज स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) को मिला है। एनसीजेडसीसी ने विज्ञापन देकर शंख वादकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 28 दिसंबर है। विज्ञापन के मुताबिक, शंखनाद में शामिल होने वाले वादकों को एक–एक हजार रुपये मानदेय और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। स्थानीय वादकों को वरीयता दी जाएगी। ऑनलाइन करना होगा आवेदन इच्छुक व्यक्ति एनसीजेडसीसी की वेबसाइट.दब्रबब.पद पर आवेदन कर सकते हैं। इस पर अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी लिखना होगा। शंखनाद के लिए अभी कोई तारीख तो तय नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि एक जनवरी या मकर संक्रांति पर यह आयोजन हो सकता है। आयोजन की तिथि दो–तीन दिनों में तय होने की संभावना है। यदि आवेदन 1001 से ज्यादा हो गए तो एनसीजेडसीसी की कमेटी शंखवादन की गुणवत्ता के आधार पर वरीयता देते हुए तय करेगी कि किन 1001 लोगों को शामिल किया जाए। यहां यह बताना जरूरी है कि 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के अवसर पर 301 शंख वादन हुआ था। वहीं सैकड़ों डमरूओं के निनाद से शिव नगरी गूंज उठा था। गंगा घाट पर बिखरे लोकरंग उत्सव के रंग। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के अवसर पर लोकरंग महोत्सव में गंगा घाटों पर लोक संस्कृति के विविध



रंग बिखरे। गुरुवार को दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने अस्सी से लेकर आसपास के घाटों पर देश के कई प्रांतों के लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। काशी की जनता ने भी लोकरंग उत्सव का खूब आनंद उठाया। गुरुवार को पहले सत्र में गुजरात का पारंपरिक मडियारा, पश्चिम बंगाल का बाउल गान, हिमाचल प्रदेश का लुड्डी नृत्य, असम का भोरताल, केरल का चेंडा, तमिलनाडु का करंगम पेश हुआ। दूसरे सत्र में त्रिपुरा का बीजू नृत्य, मणिपुर का लाई हरोबा, गोवा का समई, पुडुचेरी का कालियाट्टम, मध्य प्रदेश का बधाई, बिहार का शिव जागरण, राजस्थान का कालबेलिया, आंध्र प्रदेश का वीरनाट्यम, राजस्थान का चेरी, छत्तीसगढ़ का पन्थी, कश्मीर का रउफ, कर्नाटक का महिला वीरागसे, महाराष्ट्र का लावणी, मथुरा का चरकुला, पश्चिम बंगाल का हरे कृष्ण वाद्य कला, पंजाब के भांगड़ा की प्रस्तुतियां हुईं।

## केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर की वार्षिक आमसभा एवं शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर की वार्षिक आमसभा एवं शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन 23 दिसंबर बदलापुर पड़ाव स्थित एक होटल में सम्पन्न हुआ ।सभा की अध्यक्षता शकील अहमद ने किया उन्होंने विभिन्न पदाधिकारीयो को मंचासिन कराए तथा आमसभा के एजेंडे को प्रस्तुत किए,आगे की कार्यवाही के लिए उन्होंने महामंत्री दिवाकर सिंह को आमंत्रित किए, दिवाकर सिंह ने कोरोना काल में काल कलवित हुए संस्था के प्रोपराइटर एवं परिवार जनों के दुःख व्यक्त करते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित किए उन्होंने सभा को बताया कि दिवंगत हुए दुकान के मालिकों के लाइसेंस उनके उत्तराधिकारीयों को संस्था ने निःशुल्क निर्गत कराया,इस पर सभा ने करतल ध्वनि से साधुवाद दिया ।जनपद में चल रहे मेडिकल साफ्टवेयर के विषय मे दिवाकर सिंह ने बताया कि मार्ग साफ्टवेयर ने किसी बड़ी कंपनी समझौता किया है जो कि होलसेल व्यवसाय के लिए प्रतिस्पर्धी है,अध्यक्ष के अनुमति से अमित पांडेय और राजेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। राजेश सिंह ने रिटेल डिस्काउंट पर चिंता व्यक्त किया और कहा कि इस तरह डिस्काउंट देने साल भर 50: दुकाने बन्द होने की संभावना है ।अध्यक्ष के अनुमति से च्ढ्ढ सॉफ्टवेयर से आये लोगो अपने साफ्टवेयर के विषय मे



जानकारी प्रस्तुत किए। सभा के अंत मे दिवंगत लोगो के श्रद्धांजलि में दो मौन रखा गया। सभा मे संस्था के संरक्षक मंडल से राजदेव यादव एवं योगेश श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष बंशीधर मौर्य, संस्था के चेयरमैन अखिलेश श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष कमल कुमार और विनोद रावत, सुनील गुप्ता,चेयरमैन एक्शन कमेटी राकेश प्रताप सिंह(पप्पू),कनवीनर जेनेरिक डी के सेठ, कनवीनर रिटेल सुजीत कुमार सिंह,कनवीनर सर्जिकल महेश पांडे,कनवीनर वेटेनरी विनय गुप्ता, जॉइंट सेक्रेटरी आनंद साहू,श्याम गुप्ता ,प्रशांत मौर्य,अनिल कुमार संगठन मंत्री आशुतोष सिंह,पीआरओ/कार्यवाहक महामंत्री श्याम सिंह ,कृष्ण कुमार मिश्र,रामआसरे,अखिलेश राय,उदय सिंह,संजय सिंह ,धनन्जय सिंह वंशराज साहू,अखिलेश प्रजापति रामकृपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## इंद्रा मेडिको हाई कोर्ट के आदेश पर किया गया सीज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला महिला चिकित्सालय के गेट से सटी इन्द्रा मेडिको की दुकान को आज खाली करा कर नगरपालिका के अधिशासी अभियंता संतोष मिश्रा द्वारा सीज किया गया, वही जब इस बात की जानकारी के लिए अधिशासी अभियंता से पूछा गया



तो उन्होने बताया की यह जमीन खाली थी जो नगरपालिका की जमीन हैं जिस पर अवैध रुप से निर्माण कर कब्जा किया गया था, जिसका मामला उच्च न्यायलय में विचाराधीन हैं, जिसके निर्देशानुसार आज दुकान को सीज कर नगरपालिका के कब्जे में लिया गया हैं, वही इन्द्रा मेडिको के संचालक रवि साहू ने बताया कि हम लोग विगत 50 वर्षो से यहा पर काबिज हैं, जिसका मामला जनपद के दिवानी न्यायालय से लेकर उच्च न्यायलय में विचाराधीन हैं जिसका अभी तक कोई निर्णय नहीं आया है, इसके बावजूद नगरपालिका द्वारा मेरी दुकान सीज किया जा रहा हैं, जिसके लिए हम लोगों को कोई नोटिस वैगरह नहीं दिया गया।

## लाल एप्पल बेर की बागवानी आय का एक अच्छा स्रोत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : तहसील बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम पंचायत चककारी भीट के कृषक अब्दुल हमीद ने लाल एप्पल बेर थाई अमरूद कोलकातवा नींबू एवं नींबू कागजी नींबू ने लगभग 1 एकड़ में बाग लगा कर अधिक आय का जरिया बनाया है जिसे देखकर आसपास के किसान सीख ले रहे हैं इनकी मेहनत और लगन ने ही इनको कामयाबी की राह दिखाई है जहां एक तरफ देश और प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या आम हो रही है वही इन्होंने गांव के ही में रहकर रोजगार पैदा कर और अधिक आय का जरिया बाग को बना लिया है जिसमें से यह खुद और अपने लड़के खुर्शीद को शहर ना भेजकर गांव में ही अधिक आय इस बाग से ले रहे हैं जो इस काम में संतुष्ट हैं कृषक ने बताया कि पहली ही वर्ष में मेरी पूंजी वापस हो चुकी है और इस फल को फैजाबाद की मंडी में अगले वर्ष भेजा था जहां पर थोक मंडी में ध40 प्रति केजी के रेट से बिका था ।इनकी इस मेहनत और लगन को इलाके में खूब प्रशंसा हो रही है पूर्व प्रधानमंत्री



चौधरी चरण सिंह की जन्मदिन के अवसर पर ग्राम प्रधान सम्मू एवं राज्यपाल द्वारा सम्मानित किसान सुहेल आलम ने बाग में पहुंचकर इनके उत्कृष्ट कृषि कार्य को देखते हुए कैश भेंट कर किसान को सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान ने अपने ग्राम के सभी कृषकों के लिए हर संभव सहयोग के लिए तैयार रहने की बात कही बाग देखने पहुंचे सुल्तानपुर के प्रख्यात शायर एवं उर्दू अखबार के पत्रकार कामिल सिद्दीकी ने कृषक की कार्यों की खूब सराहना की। खुर्शीद ने बताया कि पेड़ों के खाली जगहों पर दूसरी फसल भी दे रहे हैं जिससे अतिरिक्त लाभ मिल रहा है बाग के किनारे घने नींबू के पेड़ जिससे फल के साथ—साथ जानवरों से भी बचत हो रही है।

## ग्राम प्रधान मस्त जनता त्रस्त

सन्तकबीर नगर संवाददाता राम अनुज गुप्ता : ब्लॉक हैसर बजार थाना धनघटा के अंतर्गत ग्राम सभा रूपिन (सलहाबाद) बीते हुए 20 वर्षों से रास्ता है गंभीर रूप से घायल ग्राम प्रधान महेंद्र चौहान से ग्रामवासियों



द्वारा बार—बार अपील करने के बाद भी एक नाली की व्यवस्था नहीं करवाया जा रहा है, ग्राम सभा की जनता ग्राम प्रधान महेंद्र चौहान से असन्तुष्ट एवं बेहद नाराज हैं।

## श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल का वार्षिकोत्सव : तीसरे दिन भी बच्चों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के वार्षिकोत्सव के तृतीय दिवस पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सुंदर प्रदर्शन किया गया जिसमें बच्चों ने जहां विवाह का मनोरंजन किया वही देश गीत के माध्यम से दर्शकों को देश प्रेम के प्रति समर्पित रहने के लिए तैयार रहने का संदेश भी दिया इसके अलावा आगामी लोकतंत्र के महापर्व मतदान करने के लिए अपील बीपी कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश का सरस्वती वंदना के साथ हुआ नन्हे—मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति चंदा चमके चमचम व फिर भी दिल है हिंदुस्तानी की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा नेताजी का साक्षात पर दर्शक लोटपोट हुए इतनी सी हंसी इतनी सी खुशी तथा ओ माय फ्रेंड गणेशा प्रस्तुति को देखकर दर्शकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया अंधेर नगरी चौपट राजा हास्य नाटक ने सब को खूब गुदगुदाया वही बेटी बचाओ तथा बेटी पढ़ाओ नाटक प्रस्तुत कर अभिभावकों से बेटियों को प्राथमिकता पर पढ़ाने व शिक्षित बनाने की अपील की गई नाट्य प्रस्तुति स्वच्छता के माध्यम से लोगों से समाज में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई वही बच्चों के द्वारा मतदान करो मतदान करो नत नाटिका के माध्यम से आगामी लोकतंत्र के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई अंतिम कार्यक्रम में सीडीएस जनरल शहीद बिपिन रावत व उनकी



धर्मपत्नी व उनके साथियों को श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राणा, जिला अध्यक्ष सपा जितेन्द्र वर्मा जीतू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सागर मिश्र मधुर, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ओपी मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ए पी सिंह,पूर्व विधायक अनिल वर्मा, सपा नेता अनिल सिंह वीरू, प्रदेश सचिव रामू कश्यप, अमित बाजपेयी, रामज्ञान गुप्ता, विजय पांडे, अजय सिंह, प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ,भूमिका सिंह, बीना गुप्ता, रचना प्रजापति ,प्रिया सिंह ,अर्पिता सिंह, मुकेश सिंह, मंसा बाजपेई, आरती वर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे मौजूद। रहे कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका दिव्या सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश सिंह ने किया।

## इप्सेफ द्वारा प्रधानमंत्री से पुरानी पेंशन बहाली एवं फ्रीज डीए भुगतान करने की पुरजोर मांग

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इप्सेफ ने प्रधानमंत्री जी से पुरानी पेंशन की बहाली एवं फ्रीज डीए के भुगतान करने की पुरजोर मांग की है। इप्सेफ ने यह भी कहा है कि यदि दोनों मांगों पर निर्णय नहीं किया गया तो विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी दल को कर्मचारियों एवं शिक्षक परिवारों का एक भी वोट नहीं मिलेगा। इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र एवं महामंत्री प्रेमचंद्र ने प्रधानमंत्री जी से पुनः आग्रह किया है कि सरकार के गांव से राजधानी तक काम करने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन को बहाल करें क्योंकि तमाम वर्गों को सरकार पेंशन दे रही है यहां तक कि मंत्रीमंडल के सदस्य सांसदों एवं विधायकों को भी पेंशन दी जा रही है। शिक्षक वर्ग की भी यह मांग है। सेवानिवृत्त कर्मचारी का पेंशन ही सहारा होती है। श्री प्रेमचंद्र ने कहा है कि भारत सरकार का दावा है कि उसकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो गई है तो फिर फ्रीज डी ए का भुगतान क्यों नहीं हो रहा है। श्री वी पी मिश्र ने प्रधानमंत्री जी से कहा है कि वह गोपनीय सर्वे कराएं देशभर का कर्मचारी एवं शिक्षक परिवार विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी दल को अपना मत नहीं देगा। देश भर में लगभग 5 करोड़ कर्मचारी शिक्षक हैं उसके परिवार को लेकर कुल 25 करोड़ होता है। दोनों नेताओं ने खेद व्यक्त किया है कि कई राज्य सरकारों ने महंगाई भत्ते की किस्त का भुगतान, आउटसोर्सिंग/संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, न्यूनतम वेतन, विनियमितीकरण नियमावली नहीं बनाई है। रिक्त पदों पर भर्ती पदोन्नतियाँ नहीं की जा रही हैं। कोविड—19 में अपनी जान पर खेलकर मरीजों की सेवा करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। सातवें वेतन आयोग की वेतन विसंगतियों को दूर नहीं किया गया है। एस्मा लगाकर उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन/प्रदर्शन/हड़ताल करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कर्मचारी संगठनों से बात नहीं की जा रही है अगर बात होती भी है तो निर्णय का कार्य वित्त नहीं जारी किया जाता है। कई और भत्तों की कटौती कर दी गई है। उपरोक्त परिस्थितियों में देशभर के कर्मचारी में आक्रोश एवं नाराजगी जायज है। प्रधानमंत्री जी से पुरजोर आग्रह है कि कर्मचारियों के पीड़ा पर गौर करके आपसी बातचीत के माध्यम से कर्मचारियों शिक्षकों की नाराजगी दूर करें अन्यथा बाध्य होकर कर्मचारी परिवार अपने अधिकार का प्रयोग करेगा।

## 26 दिसम्बर को होगा महारथी कवि सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

इंदौर, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : घरों में छुपी प्रतिभा को प्रोत्साहित और सम्मानित करने का अभियान चलाने वाले विद्यांजलि भारत मंच के संस्थापक अध्यक्ष दामोदर विरमाल ने बताया कि आगामी रविवार को सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक श्री मध्य भारत हिन्दी




साहित्य समिति आर एन टी मार्ग इंदौर पर (वीराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह) आयोजित किया जायेगा। आयोजन के मुख्य अतिथि मप्र केबीनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट होंगे। विशेष अतिथि मनोज चौधरी विधायक हाटपीपल्या तथा डॉ. आरके बघेरवाल, प्राचार्य (पशू चिकित्सालय महू) होंगे। विशेष अतिथि भगत सिंह चौहान महिला बाल विकास विभाग अधिकारी (धार) होंगे। चयनित सोलह विशेष प्रतिभा आयोजन के अतिथियो द्वारा सम्मानित होंगे। तदुपरांत कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कवि सम्मेलन में भी तेजी से उभरती नवोदित साहित्य प्रतिभाएं काव्यपाठ करेंगी। आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मिलित होने की इच्छुक कला, गीत—संगीत, शिक्षा, समाज सेवा, खेल, साहित्य अथवा अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

## राष्ट्रीय एकता शिविर में पीयू के स्वयंसेवकों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन पुरुलिया, पश्चिम बंगाल में 16 से 22 दिसंबर 2021 तक किया गया ।इस शिविर में भारत के 14 राज्यों के 200 स्वयंसेवक शामिल हुए। ऊर्जा एवं देश प्रेम से ओत—प्रोत इन स्वयंसेवकों का समागम अत्यंत अद्भुत रहा। राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस शिविर में जन—जागरूकता कार्यक्रम के साथ—साथ प्रत्येक संध्या अपनी— अपनी सांस्कृतिक विरासत को हस्तांतरित करने हेतु विभिन्न प्रदेशों के स्वयंसेवकों के द्वारा अपनी लोक कला एवं लोक संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय हिस्सेदारी दिखाते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के स्वयंसेवकों ने दलनायक डॉ संतोष कुमार पांडेय के नेतृत्व में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हर क्षेत्र में किया। शिविर से लौटे सभी स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने अनेकों बधाइयां दी और स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस शिविर में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज से अनिकेत सिंह,आस्था यादव,फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज सबरहद,शाहगंज से आंचल सिंह, राजन यादव, फार्मेसी संस्थान,वि.वि.परिसर से विशाल मौर्य,आर. एस.के डी.पीजी कॉलेज से सुमित सिंह,आरती देवी, टी.डी. महिला महाविद्यालय से कविता चौहान,सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज बदलापुर,जौनपुर से रिया तिवारी,ओम प्रकाश मिश्र स्मारक पीजी कॉलेज,फुलेश,अजमगढ़ से अरुण यादव ने प्रतिभाग किया। डॉ. राकेश कुमार यादव कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।




## प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने महिलाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया : प्रियंका रावत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कीर्ति सिंह, जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता, महामंत्री रीना गुप्ता एव महिला मोर्चा जिला प्रभारी राजेश अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद प्रियंका रावत का पुष्प गुच्छ भेट करते हुए स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत ने कहा कि मातृशक्ति को मातृशक्ति क्यों कहा जाता है क्या कोई इस संसार में ऐसा कोई शब्द जो मां के समतुल्य हो। ईश्वर को अगर किसी ने जन्म दिया है तो वह मां है। किसी भी समाज का सांस्कृतिक एव आध्यात्मिक स्तर समाज में नारियों की स्थिति से निर्धारित होता है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में मातृ शक्ति के आत्मसम्मान और आत्मबल को सशक्त करने का काम किया। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है, उन्होंने महिलाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ने का काम किया, कामकाजी महिलाओं के लिए सुखद वातावरण बनाने का काम किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शौचालय निर्माण, राशन कार्ड महिलाओं के नाम, गैस सिलेंडर महिलाओं के नाम, शादी की उम्र 21 साल, गरीब बेटियो की शादी में अनुदान, स्वाथ्य बीमा योजना जिसमे महिलाएं अपनी और अपने परिवार की बीमारी पर निशुल्क दवाई इलाज पर पांच लाख तक का फायदा ले सकती है। भारतीय जनता पार्टी की कल्याणकारी योजनाओ में महिलाओं को सर्वप्रथम रखा गया है। चलते चलते सभी महिलाओं बहू बेटियो को याद रखना है कि उनके आत्मसम्मान की लाज किसने रखी है, बस यही सोचकर आपको भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनवानी है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक रजनी तिवारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का एहम योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हर दम प्रयास करते रहे है। राशन कार्ड महिलाओं के नाम से बना, ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया। भाजपा सरकार की ऐसी बहुत सी कल्याणकारी योजनाओं से महिलाएं आज आत्मनिर्भर बनी है। सम्मेलन में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता ने महिलाओं को नमन





करते हुए कहा कि देश और दुनिया की आगामी शताब्दी महिलाओं को समर्पित है। घर से लेकर देश की अर्थव्यवस्था में महिलाओ का योगदान पुरषों के बराबरी पर पहुंच रहा है। भाजपा नेता कीर्ति सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार को बनाने में महिलाओं का सबसे ज्यादा श्रेय जाता है, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ाने का काम किया। आज बहू बेटियां सर उठाकर बाजार में निकलती है, देश और प्रदेश की प्रगति में पूरा सहयोग कर रही है। महिलाओं को छत दिलाने का काम भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तेहत दिलाने का काम किया। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की अगर सभी महिलाएं ठान ले कि उन्हें भाजपा सरकार बनानी है तो घर का एक एक वोट भाजपा का होगा। भाषण के दौरान सभी नेताओं ने बीजेपी को वोट देने की अपील की। सम्मेलन में उपस्थित महिला मोर्चा जिला प्रभारी राजेश अग्निहोत्री, महामंत्री श्वेता अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी विनिमा सिंह, मीडिया प्रभारी प्रतिभा गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती, जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक, किसान मोर्चा महामंत्री नीरज तिवारी, इंजीनियर ओम वर्मा, परेश लोहिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## कुलभास्कर पीजी कॉलेज प्रयागराज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

प्रयागराज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 21 अगस्त 2021 से चलाए जा रहे हैं अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम मिशन शक्ति तृतीय चरण के समापन समारोह पर के अंतर्गत कुलभास्कर आश्रम पी जी कॉलेज प्रयागराज में आज दिनांक 24:12 2021 को प्राचार्य डॉ अर्चना सिन्हा के निर्देशन में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन महाविद्यालय की मिशन शक्ति कार्यक्रम के समन्वयक डॉ आभा




त्रिपाठी द्वारा किया गया। उक्त शिविर शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल वात्सल्य की निदेशिका एवं प्रसिद्ध प्रसूति रोग विशेषज्ञ अग्रवाल जी एवं उनकी 9 सदस्य टीम के सहयोग से लगभग 200 बच्चों तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रत्येक बच्चों की व्यक्तिगत रूप से जानकर उनकी समस्या से संबंधित उपाय तथा दवाएं लिखकर तथा उनकी टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण करके बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गयी। महाविद्यालय मिशन शक्ति टीम के डॉ कविता श्रीवास्तव, डॉक्टर अनुराग त्रिपाठी, आदेश वर्मा, डॉक्टर मनीष सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से महाविद्यालय की मिशन शक्ति टीम के सभी शिक्षक सदस्य, लोकेश सिंह, प्रशांत,प्रवीण, विनोद अनिल आदि की विशेष सहभागिता रही। मिशन शक्ति तृतीय चरण का कार्यक्रम 21 अगस्त से दिसंबर केआखिरी सप्ताह तक चलना था अतःआज 24 दिसंबर को इस मिशन शक्ति तृतीय चरण का महाविद्यालय मिशन शक्ति टीम के द्वारा समापन की घोषणा की गई।

## सांता क्लॉज का रुप धारण कर बच्चों ने मतदान करने को किया अपील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नये नये तरीके अख्तियार करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थान ए.एन.सी. डांस एकेडमी ओलंदगंज में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने सांता क्लॉज का रुप धारण कर मतदान करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा अंकिता राज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांता क्लॉज का रुप धारण किए बच्चों ने गीत गाकर व नृत्य प्रस्तुत कर मतदाताओं को प्रेरित किया। तथा सांता क्लॉज चाकलेट के साथ अपने अभिभावकों को वोटर कार्ड प्रदान कर उन्हें याद दिला रहे थे कि आगामी विधानसभा चुनाव में अपना मतदान जरुर करें। इस अवसर पर डा अंकिता राज ने अभिभावकों व छात्र छात्राओं को बताया कि वे चुनावी प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाने में कैसे मदद कर सकते हैं। उन्होने छात्राओं को देश के अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनने को प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि मत का अधिकार हमें संविधान ने दिया है इसका प्रयोग कर हम अपने पसंद का ईमानदार जनप्रतिनिधि चुन सकते है। डा अंकिता राज ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं से शत् प्रतिशत वोट देने की अपील किया। विशेषकर महिलाएं निर्वाचन के




प्रति साक्षर हो और अपना मतदान जरुर करें तथा परिवार के अन्य लोगों को भी मतदान करने हेतु जागरूक व प्रोत्साहित करें। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने निर्वाचन साक्षरता क्लब व चुनाव पाठशाला के सभी सदस्यों से अपील किया कि आपकी जिम्मेदारी है कि पात्र लोग स्वयं मतदान करें तथा अन्य सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुक करें। जिसमें जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़े। संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर डा अंजू कन्नौजिया, डा श्वेता, डा शैली, तसनीम फात्मा, रिचा गुप्ता, संगीता सेठ, सावन शर्मा, सूरज सेठ, शाकिर खान, आदित्य, चांद शेखध आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आकर तीन छात्राओं की दर्दनाक मौत : गंभीर रुप से घायल एक छात्रा भर्ती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में शुक्रवार की सुबह आर्य कन्या इंटर कॉलेज रिकाबगंज में पढ़ने वाली तीन छात्राओं की जिले के थाना कैंट क्षेत्र में मिर्जापुर गांव के समीप लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक के पलटने से दर्दनाक मौत हो गई।वहीं इसी कड़ी में एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।हमारे सूत्र के मुताबिक यह घटना शुक्रवार की सुबह उस समय हुई जब उक्त छात्राएं अपने घर से पढ़ने के लिए कोतवाली नगर क्षेत्र के रिकाबगंज में स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज आ रही थी तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया इस हादसे का मुख्य कारण यह बताया जा रहा है कि ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई जिसकी चपेट में आने से तीन छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है इस घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए जहां पर उनको स्थानीय लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा स्थानीय लोगों का मानना था कि यहां पर पुलिस विभाग के मिलीभगत से आए दिन यहां पर वाहन चालक अपने–अपने वाहनों को अजीबोगरीब तरीके से जहां एक ओर खड़ी कर देते हैं वहीं दूसरी तरफ अतिक्रमण भी किए हुए हैं अभी कुछ दिन पहले भी देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नवभारत चेतना न्यूज चौनल में इस समस्या का जिक्र किया गया था कि शहर का चाहे जो भी राष्ट्रीय मार्ग हो चौराहा बाजार हो वह अतिक्रमण से अछूता नहीं है सभी जगह पर अतिक्रमण हैं सड़क सुरक्षा सप्ताह बीत गया वहीं यातायात माह दिवस भी बीत गया परंतु



इस समस्या पर किसी भी पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों का ध्यान नहीं गया जिसका नतीजा आए दिन कोई न कोई सड़क हादसे में भुगसड़क दुर्घटना में तीन छात्राओं की मौत ट्रक के चपेट में आकर हो गई।उक्त ट्रक डिवाइडर से टकराकर हाईवे पर पलटने से ट्रक के नीचे चार छात्राएं आई।जिसमे से तीन की मौत हो गई। एक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हृदय विदारक घटना की खबर जैसे ही शहर में आग के तरीके से फैली सभी लोगों की भीड़ उधर चल पड़ी इस घटना स्थल पर पहुंचकर सभी लोग आक्रोशित दिखे और सभी लोग एक ही सुर में यही बात कह रहे थे कि आज जो कुछ हुआ इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार आरटीओवा पुलिस विभाग के कर्मचारी हैं क्योंकि यह लोग यातायात माह दिवस या सड़क सुरक्षा सप्ताह के नाम पर अवैध वसूली में लिप्त रहते हैं वही साल भर से यहां पर ना तो अतिक्रमण हटा और ना ही अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई जिसका नतीजा जिले में दिखाई पड़ रहा है वहीं इसी कड़ी में इन लोगों की क्रोध का शिकार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे व अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को भी आज हुए कुल मिलाकर यह बात तो तय है कि एक समय था जब आज से एक दशक पूर्व सड़क सुरक्षा सप्ताह पर यातायात माह दिवस हो या बीच–बीच में नगर निगम परिवहन विभाग के साथ सात पुलिसकर्मी भी अतिक्रमण कारियों के खिलाफ कार्यवाही होती थी परंतु अब ऐसा कुछ नही होता।

# यूपी में 25 दिसंबर से रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू : आम जनमानस ने बताया मजाक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।ऐसे में कुछ कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।जिसको देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे उत्तर प्रदेश में शनिवार 25 दिसंबर से प्रदेशव्यापी रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू प्रभावी कर दिया है।उनके मुताबिक हर दिन रात्रि 11 बजे से प्रातः 05 बजे तक रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू लागू होगा।वही शादी–विवाह आदि सार्वजनिक आयोजनों में कोविड प्रोटोकॉल का साथ अधिकतम 200 लोगों के भागीदारी की अनुमति हो।आयोजनकर्ता इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को देगा।बाजारों में ''मास्क नहीं तो सामान नहीं'' के संदेश के साथ व्यापारियों को जागरूक करें। बिना मास्क कोई भी दुकानदार ग्राहक को सामान न दे। सड़कों/बाजारों में हर किसी के लिए क्या नियम लागू होना चाहिए और सख्ती से पालन हो इसका दिशा निर्देश योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को दिए हैं।उन्होंने इस दौरान मास्क अनिवार्य कर दिया है। वहीं पुलिसकर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि पुलिस बल लगातार गश्त करे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को और प्रभावी बनाया जाए।देश के किसी भी राज्य से अथवा विदेश से उत्तर प्रदेश की सीमा में आने वाले हर एक व्यक्ति की ट्रेसिंग–टेस्टिंग की जाए।बस, रेलवे और एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। जहां एक तरफ कोरोनावायरस के बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने रात्रिकालीन कर्फ्यू की घोषणा कर दी तो उससे संबंधित आम जनमानस ने कहा कि यह सिर्फ एक मजाक है।इन लोगों का कहना था कि अगर नियंत्रण करना है तो सबसे पहले रैलियों बाजार में हो।दिन में उन स्थानों पर जहां पर अच्छी खासी भीड़ दिखाई देती है।वहां पर पहले उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए जो लोग कोरोना से संबंधित नियम का पालन ना करते दिखे।इसके लिए सबसे पहले मास्क सैनिटाइजर व सामाजिक दूरी का होना जरूरी है जबकि यह चीजें रैली बाजार व अन्य जगह दिखाई नहीं पड़ रही हैं।उन लोगों ने यह भी बताया कि योगी सरकार ने रात्रिकालीन कर्फ्यू में जो समय रखा है कि रात्रि 11:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक यह नियम लागू रहेगा तो उस दौरान इस ठंड में कौन लोग बाहर निकलेंगे।गर्मी की बात होती तब एक बार सोचा जाता कि कोई अपने घर के बाहर निकल कर टहल रहा है।अब तो 7:00 बजे के बाद ठंड में लोग अपने अपने घरों में वैसे ही चले जाते हैं हां इतना जरूर है कि जो चौक बाजार में दुकान है वह देर तक खुले रहते हैं उन पर भी प्रतिबंध करना चाहिए।लेकिन वह भी 11:00 बजे रात्रि से पहले पहले बंद हो जाते हैं।कुल मिलाकर आम जनमानस का यही मानना था कि या एक महज दिखावा है।इससे कोरोना वायरस नही रोका जा सकता।जहां एक ओर बच्चों को अभी छोड़ कोविड का टीका भी नहीं लगा है उनको स्कूल जाने दिया जा रहा है क्या उन बच्चों में कोरोनावायरस नहीं हो सकते।अगर होता है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा।

# पूर्वांचल की सियासी राजधानी में आस्था और विकास के 'हथियार' से पीएम मोदी ने किया विपक्ष पर प्रहार

वाराणसी ब्यूरो : पूर्वांचल की सियासी राजधानी काशी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के जरिए भाजपा ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विकास यात्रा के साथ प्रधानमंत्री ने पार्टी के लिए जनता से आशीर्वाद की कामना की और उसी आशीर्वाद को उन्होंने विपक्ष के गुस्से से जोड़कर सियासी तरकश से तीर चलाए। दूध प्लांट के शिलान्यास में गाय की महत्ता को अपनी आस्था से जोड़ा तो विपक्ष पर सवाल खड़े कर उन्होंने लोगों को ऐसे लोगों से सावधान रहने की सीख दी। कहा कि जो लोग गाय को भी गुनाह मानते हैं, ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है। पिछली सरकारों की नाकामियों की दिलाई याद। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के 11 दिन बाद दोबारा काशी पहुंचे पीएम इस बार विपक्ष पर ज्यादा आक्रामक मूड में थे। यही कारण है कि उन्होंने माफियावाद और परिवारवाद पर सीधा निशाना साधा। करीब ढाई घंटे के काशी दौरे में पीएम बदलते बनारस को गति देने के साथ ही पिछली सरकारों की नाकामियों की याद दिलाना नहीं भूले। पीएम मोदी ने सबसे पहले सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनकी हकीकत जानी और फिर उन्हें योजनाओं के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। ऐसे में साफ है कि प्रधानमंत्री से संवाद करने वाले अब न केवल भाजपा के मुरीद होंगे, बल्कि भविष्य में पार्टी के लिए माहौल भी बनाएंगे। पीएम मोदी ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों के जरिए भी पुरानी सरकार की याद दिलाई और अवैध कब्जे की सुध कराकर गरीब, दलित, वंचितों के मन में विपक्ष के खिलाफ माहौल बनाया। बाबा विश्वनाथ के भव्य



दरबार का जिक्र करके पीएम विपक्ष की मंशा को भी जगजाहिर करने से नहीं चूके। इस तरह उन्होंने विपक्ष की घेराबंदी कर विकास विरोधी बताने और जाति, पंथ, मजहब की याद भी दिलाई। बेहद सधे अंदाज में उन्होंने भाजपा सरकार के मुकाबले पिछली सरकारों की तुलना भी की। पूर्वांचल की करीब 100 सीटों पर भाजपा की निगाह। विधानसभा चुनाव के लिहाज से पूर्वांचल की करीब 100 सीटों पर भाजपा की निगाह जमी है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले करीब एक महीने से पूर्वांचल के कई जिलों में दौरा कर चुके हैं। दिसंबर में दो बार काशी आने के बाद अब प्रधानमंत्री एक बार फिर आठ जनवरी को अपने संसदीय क्षेत्र काशी में आएंगे। इस बार प्रधानमंत्री रोपवे संचालन के साथ ही कमिश्नरी में बन रहे सिग्नेचर बिल्डिंग सहित अन्य परियोजनाओं की सौगात दे सकते हैं।

# स्वर्ण प्राशन हमारी वैद्यकीय एवं वैदिक जीवन मूल्यों का अमूल्य धरोहर है – आचार्य डॉ वैध आर. पी. पांडे

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या, 22 दिसंबर 2021 को फैजाबाद स्थित साकेत पुरी अनंत शिखर सेवा संस्थान में सातवां महा स्वर्ण प्राशन संस्कार विधिवत भगवान धन्वंतरी के पूजन के साथ संपन्न हुआ विदित हो कि अनंत शिखर के संस्थापक एवं प्रमुख वैध आचार्य डॉक्टर आरपी पांडे के नेतृत्व में विगत 4 महीने से चल रहे महा स्वर्ण प्राशन संस्कार का कार्यक्रम कोरोना काल के समय से चल रहा है उक्त कार्यक्रम में खास तौर पर 1 वर्ष से लेकर के 16 साल के बच्चों के लिए यह कार्यक्रम अनंत शिखर पर चलाया जा रहा है कार्यक्रम के संचालक एवं समन्वयक आचार्य डॉक्टर आरपी पांडे ने बताया कि उक्त स्वर्ण प्राशन का कार्यक्रम वैदिक रीति एवं वेद से प्रमाणित है जिसमें हिंदू मान्यता अनुसार 16 संस्कारों में से एक यह संस्कार के शारीरिक मानसिक सर्व प्रकार से संपन्न व्यक्तित्व निर्माण के लिए अत्यावश्यक लेहन उपचार है इन्होने आगे बताया कि दूरदराज के जनपदों से अब तक लगभग ढाई हजार बच्चों को यह दवा पिलाई जा चुकी है उक्त दवा का लाभ लेने वाले बाबा हरिदास ने बताया कि इस दवा के पीने से शरीर के सब प्रकार की कमजोरी दूर होकर शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति प्रदान करती है और इसमें किसी भी प्रकार का वायरल इनफेक्शन नहीं है मुझे किसी प्रकार से कोई परेशानी सर्दी जुकाम खांसी एवं वायरल इनफेक्शन नहीं लगा है मेरा इम्यून सिस्टम पूरी तरह से स्ट्रांग है एवं किसी प्रकार का वायरल इनफेक्शन मुझे छू नहीं सका है, इससे पूरी तरह से स्वस्थ महसूस कर रहा हूं डॉ वैधआर पी पांडे ने बताया कि पांडे ने बताया कि आम जनमानस के हितार्थ यह दवा लोगों को मुफ्त में पिलाया जा रहा है ताकि इसका समुचित लाभ गरीब दुखी व कमजोर लोगों को मिल सके इस मौके पर उपस्थित लोगों में विशाल मिश्रा विनोद कुमार उपाध्याय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य बीएसए संतोष देव पांडे ,विजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, शील दास महाराज, राजेंद्र तिवारी, सुशील पांडे ,वीरेंद्र शर्मा, दीपक पांडे ,बाबा हरिदास जी महाराज ,विनोद पांडे प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नेशनल डिप्टी चेयरमैन एवं वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार मांझी ,सम्राट विनोद उपाध्याय ,अविनाश शुक्ला आयुर्वेदाचार्य ,अमित पांडे ,दीपक पांडे मौजूद रहे।

# लखनऊ में दो नए थाने : चिनहट थाने से अलग होकर बनेगा बाबू बनारसी दास थाना : मड़ियांव से काटकर बनेगा सैरपुर

लखनऊ ब्यूरो : शासन ने लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में दो नए पुलिस थानों को मंजूरी दे दी है। इसमें चिनहट थाने को काटकर बाबू बनारसी दास और मड़ियांव को काटकर सैरपुर थाना बनाए जाने का आदेश शासन ने दिया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस बाबत लखनऊ के पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द इन थानों को अस्तित्व में लाने की प्रक्रिया पूरी करें। माना जा रहा है कि अगले एक दो दिनों में नए थाने पर प्रभारी निरीक्षक और बाकी स्टाफ पोस्ट किया जाएगा। कुछ ही दिन पहले सरोजनीनगर का काटकर बिजनौर नाम से नए थाने को स्वीकृति मिली थी, जिसपर तत्काल प्रभारी निरीक्षक तैनात भी किए जा चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि चुनाव से पहले कम से कम दो और थानों की स्वीकृति मिलेगी। इसमें



हसनगंज क्षेत्र की मदेयगंज चौकी और काकोरी की दुबग्गा चौकी को उच्चीकृत करते हुए थाना बनाया जाएगा। पुलिस आयुक्त लखनऊ की ओर से इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।

# कांग्रेस शासन में सभी वर्गो का हित सुरक्षित – भूपेश बघेल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक जिले के बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के दशरथपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रतिज्ञा सम्मेलन आयोजित किया गया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि उनका अयोध्या से गहरा रिश्ता है।वह कौशल प्रदेश से हैं। जो अयोध्या की महारानी कौशल्या जी का मायका रहा है। अयोध्या भगवान राम की नगरी है। भाजपा द्वारा रामराज्य की बात की जाती है। राम राज्य में समानता, काम करने का सबको अधिकार, सबको अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए, राम राज्य में कोई भेदभाव नहीं था लेकिन योगीराज में ऐसा कुछ नहीं है। जो भी खिलाफ बोले उसे कुचल दिया जाता है, अथवा समाप्त कर दिया जाता है।इसलिये कांग्रेस शासन में सभी का हित सुरक्षित है।इस समय तो किसानों को अपनी फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने हरित क्रांति लाकर देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाया। आज देश में अनाज की कमी नहीं है। बताया कि अन्नदाता हमारी ताकत है। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जब मिल फैक्ट्रियां बंद हो गई तो अन्नदाता किसानों ने देश को संभाला। किसानों के लिए डीएपी उर्वरक का संकट है। उत्तर प्रदेश में किसान काफी कम रेट पर धान 1200 रुपए प्रति कुंटल दुकानों पर बेचने को मजबूर है। किसानों को एमएसपी मिलना चाहिए। भुगतान सही समय पर होना चाहिए। मतदाताओं को जाति धर्म से दूर हट कर मुद्दे पर वोट करना चाहिए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद 18 लाख किसानों का 9000 करोड़ रुपया कर्ज माफ किया गया। किसानों से 2 रुपए प्रति किलो गोबर की खरीद की जा रही है। 2500 रुपए प्रति कुंतल धान और गेहूं की खरीदारी



की जा रही है। जब ऐसा छत्तीसगढ़ में हो सकता है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश में स्थापित गौशालाओं में गोवंश दुर्दशा का शिकार हैं। किसानों को दाम, महिलाओं को सम्मान और युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए। प्रजातंत्र में मतदाताओं की ताकत सबसे बड़ी ताकत है। अगर समस्या है तो समाधान भी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अयोध्या में कम कीमत पर जमीन खरीद कर महंगे दाम पर बेची जा रही है। हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है। हर वर्ग परेशान है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रियंका गांधी का कहना है कि कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। सम्मेलन को पूर्व सांसद निर्मल खत्री, प्रवक्ता सुप्रिया, जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, सहित अन्य कई लोगों द्वारा संबोधित किया गया। कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ और ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने महा सम्मेलन में आए लोगों का आभार व्यक्त किया।

# सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव परिणाम : पूर्वांचल के अधिवक्ताओं के सबसे बड़े संगठन को आज मिलेगा नया अध्यक्ष

वाराणसी ब्यूरो : पूर्वांचल के अधिवक्ताओं के सबसे बड़े संगठन दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव का परिणाम आज शाम तक आएगा। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो चुकी है। ठंड के बाद भी कचहरी परिसर में गहमागहमी का माहौल है। पर्याप्त संख्या में पुलिस और पीएसी तैनात भी की गई है। एल्डर्स कमेटी के सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक शुक्रवार शाम तक चुनाव परिणाम आ जाएंगे। इससे पहले गुरुवार को मतदान काफी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच 71 फीसदी मत पड़े। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कुल 6150 मतदाताओं में से 4378 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 24 पदों पर 93 प्रत्याशियों का होगा फैसला। अध्यक्ष, महामंत्री समेत 24 पदों पर 93 प्रत्याशियों का फैसला मतपेटिका में शुक्रवार को बंद हो गई। अध्यक्ष



पर त्रिकोणात्मक और महामंत्री पद पर सीधी टक्कर के आसार हैं। सिविल कोर्ट परिसर में सुबह 10 बजे शुरू हुआ मतदान जैसे–जैसे दिन चढ़ा, सीजेएम कोर्ट तक लगभग 100 मीटर लंबी लाइन लग गई और शाम चार बजे तक मतदान संपन्न हुआ। मतदाताओं को मतदान स्थल कलक्ट्रेट स्थित सेंट्रल बार भवन तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच से गुजरना कठिन काम रहा। सेंट्रल बार भवन के भूतल पर आजीवन और प्रथम तल पर साधारण सदस्यों को मतपत्र देने के लिए 17 टेबल और 110 मतबूथ बनाए गए थे। कमेटी के चेयरमैन शिवानंद पांडेय ने सकुशल मतदान संपन्न होने पर चुनाव कार्य में लगे अधिवक्ताओं और मतदाताओं के प्रति आभार जताया।

# अटल जी की जयंती पर 25 को होगा कवि सम्मेलन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 25 दिसम्बर को राजकीय इंटर कालेज में सांसद लल्लू सिंह के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विश्व विख्यात कवि डा हरिओम पवार, जमुना प्रसाद उपाध्याय, डा विष्णु सक्सेना, दिनेश रघुवंशी, डा अनु सपन, कमलेश शर्मा, डा अनामिका जैन अम्बर, डा भुवन मोहिनी, डा अशोक टाटम्बरी, प्रियांशु गजेन्द्र, हेमन्त पाण्डेय, अभय निर्भीक अपनी कविताओं से अटल जी को याद करेंगे।जिसका उद्घाटन सायंकाल 6 बजे मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपालदास के उत्तराधिकारी महंत कमलनयनदास जी महाराज करेंगे। कार्यक्रम में पांच हजार लोगो को आमंत्रित किया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनके पथ प्रदर्शक राजनैतिक जीवन के साथ प्रखर वक्ता व विख्यात कवि के रुप में वैश्विक स्तर पर आज भी याद किया जाता है। हिन्दी साहित्य को लेकर उनके द्वारा किये गये योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता है। उनके द्वारा लिये गयी कविताएं हमें जीवन के पथ पर संघर्ष से सदा विजय की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देती रहेंगी। अटल की जयंती पर हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए उनके सपनों के भारत निर्माण के प्रति संकल्प लेना चाहिए। जिससे राष्ट्रहित सर्वोपरि की विचाराधारा को और सम्बल मिल सके।

## मंडल कारागार अयोध्या में निरुद्ध बन्दियों से संबंधित न्यायालय में चल रहे मुकदमे का स्टेटस

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)मंडल कारागार अयोध्या में निरुद्ध बन्दियों को संबंधित न्यायालय में चल रहे मुकदमे का स्टेटस, अग्रिम तिथि तथा जजमेंट आदि की प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु दिनेश त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता, अयोध्या के सौजन्य से कारागार की सर्किल में एक लीगल एड बूथ की स्थापना करायी गयी। इससे पूर्व बन्दियों को उनके वकीलों द्वारा केस की सही जानकारी न देकर मनमानी आर्थिक दोहन किया जाता था तथा कतिपय कारागार कर्मियों द्वारा बन्दियों से पैसा लेकर केस स्टेटस उपलब्ध कराए जाने की शिकायत बन्दियों द्वारा की जाती थी।लीगल एड बूथ की स्थापना से बन्दियों को केस संबंधी जानकारी देने के नाम पर किये जा रहे आर्थिक शोषण से मुक्ति मिलेगी।

## 25 महिलाओं को नेतृत्व क्षमता एवं विकास प्रशिक्षण प्रमाण पत्र किए गए वितरण

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नई रोशनी स्कीम के अंतर्गत जनपद लखनऊ में संस्था मानव विकास परिषद द्वारा 25 महिलाओं को नेतृत्व क्षमता एवं विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर छह दिवसीय प्रशिक्षण



प्रदान किया गया जिसमें नंदा खेड़ा एवं आसपास की 25 महिलाओं ने भाग लिया प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को चाय नाश्ता लंच आदि प्रदान किया गया स्टेशनरी पुस्तक आदि प्रदान कर उनको एक्टिविटी भी सिखाई गई कार्यक्रम के समापन में महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया और संस्था अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारी सहित पूजा मिश्रा शालिनी श्रीवास्तव आरती मिश्रा एवं अन्य स्टाफ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## लखनऊ में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्यौहार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज सूर्य नगर राजाजीपुरम लखनऊ में क्रिसमस का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य श्रीमती वेनिका शर्मा के नेतृत्व में बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शिक्षक–शिक्षिकाएं, भारी संख्या में अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।



सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।